ये तो बाला जी अंजनी का लाल निकला

मेहंदीपुर घाटे कैसा कमाल इतना,
ये तो बाला जी अंजनी का लाल निकला,

कैसा कलयुग में अब देव अवतार मिला,
दीन दुखियो को बाबा का प्यार मिला
यहाँ संकट ही सब के कट जाते है ,
भूत प्रेतों के चक्र भी हट जाते है,
ये तो देवो में देव बेमिसाल निकला,
ये तो बाला जी अंजनी का लाल निकला,

मेरे बाला का सच्चा चमत्कार है नाथ भेरो के संग प्रेत सरकार है,
जिस की अर्जी याहा पर जो लग जाती है सजा दुष्ट और असुरो को मिल जाती है,
ये तो दुष्टो के लिए माहाकाल निकला,
ये तो बाला जी अंजनी का लाल निकला,

संतो का भक्तो का सिद्ध ये इस्थान है,
करते बाला जी सब पे दया दान है,
इनके चरणों में अम्रति की गंगा वहे,
जपे बाला की माला सुखी वो रहे,
पूरा होता है जो भी सवाल निकला,
ये तो बाला जी अंजनी का लाल निकला,

ना भटकना अटके बात संसार में,
मिले सब कुछ ही बाला के दरबार में,
पाए मुक्ति शरण मेहँदी पुर आगेया,
माँगा बाला से वरदान वो पा गया,
इनके दर्शन से सारा बवाल निकला,
ये तो बाला जी अंजनी का लाल निकला,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13513/title/ye-to-bala-ji-anjani-ka-laal-nikala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |